# बिहार बोर्ड की ओर से जारी इंटर की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम



| परीक्षा की तिथि | संकाय | प्रथम पाली | संकाय | द्वितीय पाली |
|---|---|---|---|---|
| 01 फरवरी | आइएससी | भौतिकी | आइए | राजनीतिक विज्ञान |
| 02 फरवरी | आइएससी, आइए | गणित | आइए | भूगोल |
| 03 फरवरी | आइएससी | रसायनशास्त्र | आइए | अंग्रेजी |
| 04 फरवरी | आइएससी, आइकॉम, | अंग्रेजी | आइए | इतिहास |
| 05 फरवरी | आइएससी | जीव विज्ञान | आइए | हिंदी |
| 06 फरवरी | आइएससी, आइकॉम | हिंदी | आइए | अर्थशास्त्र |
| 08 फरवरी | आइएससी, आइकॉम | कृषि, बिजनेस स्टडी | आइए, आईकॉम | मनोविज्ञान उद्यमिता |
| 09 फरवरी | आइएससी, आइकॉम आइए | उर्दू, मैथिली, संस्कृत मगधी एवं भोजपुरी | आइए,आईकॉम | दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र |
| 10 फरवरी | आइएससी, आइकॉम, आइए | एनआरबी | आइए | संगीत |
| 11 फरवरी | आइएससी, आइकॉम आइए | एमबी एलटी अंग्रेजी उर्दू मैथिली | आइए | समाजशास्त्र |
| 12 फरवरी | आइएससी, आइकॉम, आइए | कंप्यूटर साइंस योग | आइए, आइकॉम | गृह विज्ञान, एकाउंटेंसी |
| 13 फरवरी | आइएससी, आइकॉम, आइए | उर्दू, मैथिली, भोजपुरी, पाली | | |

# एक फरवरी से होगी इंटर की वार्षिक परीक्षा

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से जारी कर दिया गया परीक्षा कार्यक्रम, एक से 13 तक दो पालियों में आयोजित होंगी परीक्षाएं**

**जासं, पटना :** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। नए कार्यक्रम के अनुसार, एक फरवरी 2021 से इंटर की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए परीक्षा समिति ने आवश्यक तैयारी शुरू कर दी है। परीक्षा दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा 9.30 से 12.45 तक होगी। वहीं, द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 1.45 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। इंटर की परीक्षा एक फरवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगी। पहले इंटर की परीक्षा दो फरवरी से होनी थी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर का कहना है कि कुछ कारणवश इंटर की परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। उधर, इंटर स्कूलों में भी सेंटअप परीक्षा की तैयारी काफी जोर-शो से चल रही है। इस वर्ष बिहार बोर् द्वारा भेजे गए प्रश्न पत्रों के आधा पर स्कूल-कॉलेजों में सेंटअप परीक्ष आयोजित की जाएगी। सेंटअप परीक्ष में पास होने वाले परीक्षार्थी ही बोर्ड की मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।